**आज दिनाँक 28.11.2020 को अन्तरिम समिति के अध्यक्ष मा0 न्यायमूर्ति अरुण टण्डन(से.नि.) की अध्यक्षता में मोतीलाल मेमोरियल सोसाइटी के मुख्यालय पर 2.00 बजे साधारण सभा की बैठक आरम्भ हुई।**

1— साधारण सभा की बैठक अपरान्ह 2.00 बजे प्रारम्भ हुई। बैठक में कुल 24 सदस्य उपस्थित हुए जिनके हस्ताक्षर उपस्थिति रजिस्टर पर कराये गये। जिला विद्यालय निरीक्षक लखनऊ द्वारा नामित श्रीमती रीता सिंह सह निरीक्षक आंग्ल भारतीय विद्यालय, उ0प्र0 भी उपस्थित हुई।

2— सभारण सभा के समक्ष यह सूचित किया गया कि मोतीलाल मेमोरिलय सोसाइटी के प्रशासन परिषद के 5 पदाधिकारियों के पदो के विरुद्ध केवल 5 नामांकन प्राप्त हुए है तथा यह भी अवगत कराया गया कि इन पाँच के अतिरिक्त कोई अन्य किसी भी पद के लिए चुनाव लड़ना चाहता हो तो नामांकन कर सकता है।

3— सर्वसम्मति से सभी उपस्थित सदस्यों ने यह कहा कि इन पाँच सदस्यों के अतिरिक्त कोई अन्य नामांकन नहीं करना चाहता है। अतः इन पाँच सदस्यों को निर्वाचित घोषित कर दिया जाय।

उपरोक्त के क्रम में अन्तरिम समिति ने निम्न लोगों को उनके नाम के सम्मुख अंकित पदों पर निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया :—

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1— | डा0 दाऊजी गुप्त | — | अध्यक्ष |
| 2— | श्री उज्जवल रमण सिंह | — | उपाध्यक्ष |
| 3— | श्री राजेश सिंह | — | महामंत्री |
| 4— | श्री प्रताप सिंह | — | संयुक्त मंत्री |
| 5— | श्री केशव प्रसाद | — | कोषाध्यक्ष |

अन्तरिम समिति द्वारा निर्वाचित होने का प्रमाण पत्र भी नियमानुसार जारी कर दिया गया। मूल नामांकन प्रपत्र तथा निर्वाचित प्रमाण पत्र की एक प्रति फाइल में रखकर अन्तरिम समिति ने अपने पास रख लिया।

4— इसके उपरान्त साधारण सभा के समक्ष नेशनल इण्टर कालेज, नेशनल पी0जी0 कालेज व बाल विद्या मन्दिर सी0से0 स्कूल की प्रबन्ध समिति/गर्वनिंग बाडी के चुनाव की प्रक्रिया प्रारम्भ की गयी। उक्त क्रम में सबसे पहले नेशनल इण्टर कालेज के लिए अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, प्रबन्धक, उप–प्रबन्धक, कोषाध्यक्ष तथा 7 सदस्यों के लिए नामांकन आमंत्रित किये गये।

5— सभी 24 उपस्थित सदस्यों द्वारा लिखकर अन्तरिम समिति को सूचित किया गया कि नेशनल इण्टर कालेज के अध्यक्ष सहित अन्य पदो के लिए सर्वसम्मति से उल्लिखित लोगों को चुन लिया जाय। किसी भी उपस्थित सदस्य द्वारा भी कोई विरोध नहीं किया

गया। जिला विद्यालय निरीक्षक की नामिनी के समक्ष उपरोक्त लोगों के नाम पदो के साथ पढ़कर सुनाये गये।

उपरोक्त के क्रम में अन्तरिम समिति ने निम्न लोगों को उनके नाम के सम्मुख अंकित पदों पर निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया :–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1– | डा0 दाऊजी गुप्त | – | अध्यक्ष |
| 2– | श्री राजेन्द्र प्रसाद यादव | – | उपाध्यक्ष |
| 3– | प्रबन्धक / सचिव | – | श्री प्रताप सिंह |
| 4– | उप–प्रबन्धक | – | श्री महेन्द्र कुमार सिंह |
| 5– | श्री अभिषेक सिंह | – | कोषाध्यक्ष |
| 6– | श्री केशव कृष्ण | – | सदस्य |
| 7– | श्री अखिलेश सिंह | – | सदस्य |
| 8– | श्री देवेन्द्र सिंह गौतम | – | सदस्य |
| 9– | श्री शैलेश त्रिपाठी | – | सदस्य |
| 10– | श्री प्रदीप कुमार सिंह | – | सदस्य |
| 11– | डा0 श्री सतीश चन्द्र गोयल | – | सदस्य |
| 11– | ई0 सी0बी0 सिंह | – | सदस्य |

5– इसके उपरान्त नेशनल पी0जी0 कालेज की गर्वनिंग बाडी के लिए अध्यक्ष तथा 4 सदस्यों के लिए नामांकन आमंत्रित किये गये। सभी 24 उपस्थित सदस्यों द्वारा लिखकर अन्तरिम समिति को सूचित किया गया कि नेशनल पी0जी0 कालेज के अध्यक्ष सहित 4 उल्लिखित लोगों को सर्वसम्मति से चुन लिया जाय। किसी भी उपस्थित सदस्य द्वारा भी कोई विरोध नहीं किया गया।

उपरोक्त के क्रम में अन्तरिम समिति ने निम्न लोगों को उनके नाम के सम्मुख अंकित पदों पर निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया :–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1– | डा0 दाऊजी गुप्त | – | अध्यक्ष |
| 2– | श्री केशव प्रसाद | – | सदस्य |
| 3– | प्रो0 डी0पी0 सिंह | – | सदस्य |
| 4– | श्री उज्जवल रमन सिह | – | सदस्य |
| 5– | श्री मनोज गुप्ता | – | सदस्य |

6– बाल विद्या मन्दिर सी0से0 स्कूल की प्रबन्ध समिति के लिए अध्यक्ष, प्रबन्धक, कोषाध्यक्ष तथा 4 सदस्यों के लिए नामांकन आमंत्रित किये गये जिस पर सभी 24 उपस्थित सदस्यों द्वारा लिखकर अन्तरिम समिति को सूचित किया गया कि बाल विद्या मन्दिर

सी0से0 स्कूल के अध्यक्ष, प्रबन्धक व कोषाध्यक्ष सहित 4 उल्लिखित लोगों को सर्वसम्मति से चुन लिया जाय। किसी भी उपस्थित सदस्य द्वारा भी कोई विरोध नहीं किया गया।

उपरोक्त के कम में अन्तरिम समिति ने निम्न लोगों को उनके नाम के सम्मुख अंकित पदों पर निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया :–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1– | डा0 दाऊजी गुप्त | – | अध्यक्ष |
| 2– | श्री राजेश सिंह | – | सचिव / प्रबन्धक |
| 3– | डा0 श्रीमती ऊषा चौधरी | – | कोषाध्यक्ष |
| 4– | श्री कीर्तिवर्धन सिंह | – | सदस्य |
| 5– | श्री देवेन्द नाथ मिश्रा | – | सदस्य |
| 6– | श्रीमती विद्या यादव | – | सदस्य |
| 7– | श्रीमती आशा रानी | – | सदस्य |

उपर्युक्त परिस्थितियों में चुने गये सभी पदाधिकारियों तथा 3 प्रबन्ध समितियों के लिए सदस्यों का चुनाव सर्वसम्मति से किया गया है इसलिए वोटिंग की आवश्यकता नहीं पड़ी। अन्तरिम समिति द्वारा साधारण सभा की इच्छानुसार उपरोक्त पदाधिकारियों तथा सदस्यों व नेशनल इण्टर कालेज, नेशनल पी0जी0 कालेज व बाल विद्या मन्दिर सी0से0 स्कूल की प्रबन्ध समिति / गर्वनिंग बाडी के लिए निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया तथा प्रमाण पत्र भी जारी कर दिया गया।

सभी सदस्यों के हस्ताक्षर से प्रस्तुत की गयी उक्त सूची की मूलप्रति फाइल में रखकर अन्तरिम समति ने अपने पास रख लिया है। नेशनल इण्टर कालेज से सम्बन्धित पत्र पर जिला विद्यालय निरीक्षक के नामिनी के हस्ताक्षर भी करा लिए गये हैं।

7– प्रशासन परिषद के पदाधिकारियों व सदस्यों को सूचित किया गया कि 15 दिसम्बर, 2020 को **पूर्वान्ह 11.00 बजे** अन्तरिम समिति अपना चार्ज चुने गये पदाधिकारियों को दे देगी तथा उसी दिन रिपोर्ट बनाकर मा0 उच्च न्यायालय को प्रेषित कर दिया जायेगा।

( मा0 अरुण टण्डन )
न्यायमूर्ति(से.नि.)
अध्यक्ष, अन्तरिम समिति,

( वीरेन्द्र चौबे )
उ0प्र0 वित्त एवं लेखा सेवा(से.नि.)
सदस्य, अन्तरिम समिति

( मुरलीधर राय )
विशेष कार्याधिकारी (से.नि.)
सदस्य, अन्तरिम समिति

( वी0के0 माथुर )
सीनियर आडिटर(से.नि.)
सदस्य, अन्तरिम समिति